**DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**
विभागाध्यक्ष भवन, ब्लॉक–3, तृतीय–चतुर्थ तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर 493002

Phone : 0771- 2331330, 2421376, Fax : 2331331, Website : http://www.cgdteraipur.ac.in

क्र./अधी./तक.शि./स्था/2018/ नया रायपुर, दिनांक /08/2018

## नियुक्ति हेतु विज्ञापन

तकनीकी शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर के अधीन नीचे दर्शाये गये रिक्त पदों पर भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्ग) सेवा भर्ती नियम 2005 एवं (संशोधित) सेवा भर्ती नियम छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक -एफ 9-18/2013/तक.शि/42, दिनांक 27.06.2013 के प्रावधान अनुसार डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के 06 पद एवं स्टेनो टायपिस्ट ( **हिन्दी** ) के 02 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु cgvyapam.choice.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा तिथि/समय | 30.09.2018/ रविवार |
| 2 | **परीक्षा का समय** | |
| (i) | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा-2018 हेतु | पूर्वान्ह 9:00 बजे से 12:15 बजे तक |
| (ii) | स्टेनो टायपिस्ट ( हिन्दी ) भर्ती परीक्षा-2018 हेतु | अपरान्ह 2:00 बजे से 5:15 बजे तक |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 07.08.2018 ( मंगलवार) |
| 4 | ऑनलाईन आवेदन भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | 04.09.2018 (मंगलवार) रात्रि 11.59 बजे तक |
| 5 | परीक्षा केन्द्र : 05 संभागीय मुख्यालयों में | अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर |

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैं :-**

**अ. डाटा एण्ट्री आपरेटर - 06 पद**

| क्र. | पदनाम | वेतन+ग्रेड पे | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अनु. जाति | अ.पि. वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एण्ट्री आपरेटर | 5200-20200+2400 | 06 | 02 | 02 | 01 | 01 |

**श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :-**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | विकलांग | |
| 1. | अनारक्षित | 01 भू.पू.से. | 01 | - | 02 |
| 2. | अनुसूचित जाति | 01 | - | - | 01 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति | 01 | 01 | - | 02 |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 01 | - | - | 01 |
| | योग | **04** | **02** | **-** | **06** |

**शैक्षणिक अर्हताए :-**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

   **अथवा**

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण केसाथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

   **अथवा**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के डिग्री पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण के साथ पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण ।

**अथवा**

कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा ।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशन परीक्षा ली जाएगी)

## ब. स्टेनो टाइपिस्ट - 02 पद

| क्र. | पदनाम | वेतन+ग्रेड पे | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अनु. जाति | अ.पि. वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **स्टेनो टाइपिस्ट (हिन्दी)** | 5200-20200+ 1900 | 02 | 01 | 01 | - | - |

**श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :-**

| क्र. | वर्ग | पद संख्या | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | विकलांग | |
| 1 | अनारक्षित | 01 | - | - | 01 |
| 2 | अनुसूचित जाति | - | - | - | - |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 01 | - | - | 01 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | - | - | - | - |
| | योग | **02** | - | - | **02** |

**शैक्षणिक अर्हताए :-**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

   **अथवा**

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।
2. हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)
3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशन परीक्षा ली जाएगी)

**आयु सीमा :-**

न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष, दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. महिला, विधवा, परित्याक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी ।

**नियम एवं शर्ते :-**

1. तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां छ.ग. तकनीकी शिक्षा तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2005 एवं (संशोधित) सेवा भर्ती नियम छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक -एफ-9-18/2013/ तक.शि./42, दिनांक 27.06.2013 के अंतर्गत की जायेगी ।
2. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना आवश्यक है ।

3. छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है ।
4. चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जायेगा ।
5. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है ।
6. महिलाओं को नियमानुसार हारिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा । किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पर रिक्त रह जाता/जाते है तो ऐसे पद एग्रणीत नहीं किये जायेंगे । वरन् डसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है ।
7. भूतपूर्व सैनिको एवं विकलागों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा ।
8. उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल स्थायी जाति प्रमाण-पत्र में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
9. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है ।
10. आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते । बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्म तिथि, श्रेणी, वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संभव नहीं होगा ।
11. आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तों की पूर्ति करना आवश्यक है । आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी तथा समस्त अधिकार नियोक्ताकर्ता के पास सुरक्षित रहेगें ।
12. संबंधित पद के लिए वांछित शैक्षणिक आर्हता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र तथा अन्य प्रमाण-पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**चयन प्रक्रिया :-**

विज्ञापित पदों हेतु आवेदित उम्मीदवारों को व्यापम द्वारा 200 अंको की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। निगेटिव मार्किंग के आाधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर श्रेणीवार एवं वर्गवार मेरिट सूची व्यापम द्वारा विभाग को सौंपी जायेगी । मेरिट सूची कुल रिक्त पदो के लिए 05 गुना (डाटा एन्ट्री आपरेटर) एवं 10 गुना (स्टेनो टायपिस्ट) अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर दक्षता (कौशल परीक्षा) परीक्षा हेतु बुलाआ जाएगा। कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी। कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों की जांच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी ।

यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायलय छ.ग., बिलासपुर के रिटपिटिन क्रं. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायलय के पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगीं ।

विस्तृत विज्ञापन, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देशों को व्यापम की वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है ।

संचालक,
तकनीकी शिक्षा, छ.ग.
नया रायपुर.